कार्यालय प्राचार्य,शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय,चारामा

जिला– उ.ब. कांकेर (छ.ग.),पिन:494337

Email-gccharama1989@gmail.com web-www.govtcollegecharama.in

पत्र क्रमांक: 238/स्था/2020 चारामा,दिनांक: 17/10/2020

//सूचना//

शैक्षणिक सत्र 2020–21 में प्रवेशित समस्त अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है,कि जिनको आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता है,वे विज्ञप्ति अनुसार ऑनलाईन आवेदन की कार्यवाही पूर्ण कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ दिनाँक 30/11/2020 तक महाविद्यालय के छात्रवृत्ति प्रभारी लिपिक श्री हितेन्द्र बोरकर (प्रयोगशाला तकनीशियन) के पास जमा करें।

निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन आवेदन की हार्डकॉपी एवं वांछित दस्तावेज जमा नहीं करने की स्थिति में नियमानुसार ऑनलाईन आवेदन निरस्त किया जा सकता है,जिसकी समस्त जिम्मेंदारी संबंधित आवेदक की होगीं।

उक्त छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन करने के पूर्व छात्रवृत्ति प्रभारी अधिकारी श्री रवीन्द्र सिंह चन्द्रवंशी (सहायक प्राध्यापक,अर्थशास्त्र) एवं छात्रवृत्ति प्रभारी लिपिक श्री हितेन्द्र बोरकर (प्रयोगशाला तकनीशियन) से अनिवार्य रूप से मार्गदर्शन प्राप्त कर लें।

आवश्यक दस्तावेज:–

1. ऑनलाईन आवेदन की हार्डकॉपी।
2. अंतिम उत्तीर्ण कक्षा की अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति।
3. 10वीं की अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति ।
4. जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति।
5. निवास प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति।
6. आधार कार्ड की सत्यापित छायाप्रति।
7. स्वंय के बैंक पास बुक की सत्यापित छायाप्रति,जिसमें आधार से लिंक होने का एवं खाता सक्रिय/चालू स्थिति में होने का प्रमाणन हो।
8. मूल(**Original**) आय प्रमाण पत्र (वर्तमान का)।
9. प्रवेश फीस रसीद की सत्यापित छायाप्रति,(शासकीय,अशासकीय एवं जनभागीदारी शुल्क रसीद)।
10. एक पासपोर्ट साइज फोटो।

नोट:– महाविद्यालय में आवेदन जमा करते समय वाँछित दस्तावेजों की मूल प्रति सत्यापन हेतु अपने साथ अवश्य रखें।

PRINCIPAL
Govt. College Charama
प्राचार्य
शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय चारामा

Scanned by CamScanner

कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
इन्द्रावती भवन, ब्लाक–डी (भू–तल) अटल नगर, जिला रायपुर (छ0ग0)
☎ - 2263708, 2262558 Fax - 2262558

Email Id - pmscstobc@gmail.com

क्रमांक / आ.ला.पो.मै.छा. / 118 / 2020–21 / 4558 नवा रायपुर, दिनांक 07/10/2020

वर्ष 2020–21 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के आवेदन हेतु विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय / अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आई.टी.आई आदि के प्राचार्य / संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत् अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है कि **शिक्षा सत्र 2020–21 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के आवेदन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही** **http://mpsc.mp.nic.in/CGPMS** वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है।

जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं के प्रस्ताव / स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2020–21 में निम्नानुसार तिथि निर्धारित की गई है :–

क	प्रक्रिया	अंतिम तिथि
1	विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु (नवीन / नवीनीकरण)	दिनांक 15.10.2020 से 30.11.2020
2	Draft Proposal Lock करने हेतु	दिनांक 15.10.2020 से 10.12.2020
3	Sanction Order Lock करने हेतु	दिनांक 15.10.2020 से 20.12.2020
4	संस्थाओं द्वारा KYC जमा करने हेतु	दिनांक 10.01.2021 तक

निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2020–21 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किये जावेंगे एवं Draft Proposal Lock अथवा Sanction Order Lock करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे।

(शम्मी आबिदी)
संचालक
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
नवा रायपुर, छ0ग0

Scanned by CamScanner